Series : HG6EF

SET ~ 2

प्रश्न-पत्र कोड **3/6/2**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **15** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं – **खंड-क, ख, ग, घ** ।*

*(iii)* ***खंड-क** में कुल **2** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **10** है ।*

*(iv)* ***खंड-ख** में कुल **4** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **20** है ।*

*(v)* ***खंड-ग** में कुल **5** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **21** है ।*

*(vi)* ***खंड-घ** में कुल **4** प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि, कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(viii)* *यथासंभव **सभी** खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – क
## (अपठित बोध) **(14)**

1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

लीक पर वे चले जिनके
चरण दुर्बल और हारे हैं
हमें तो जो हमारी यात्रा से बने
ऐसे अनिर्मित पंथ प्यारे हैं ।
साक्षी हों राह रोके खड़े
पीले बाँस के झुरमुट,
कि उनमें गा रही है जो हवा
उसी से लिपटे हुए सपने हमारे हैं ।
शेष जो भी हैं –

वक्ष खोले डोलती अमराइयाँ
गर्व से आकाश थामे खड़े
ताड़ के ये पेड़
हिलती क्षितिज की झालरें,
झूमती हर डाल पर बैठी
फलों से मारती
खिलखिलाती शोख अल्हड़ हवा
गायक-मंडली-से थिरकते
आते गगन में मेघ,
वाद्य यंत्रों से पड़े टीले,
नदी बनने की प्रतीक्षा में, कहीं नीचे
शुष्क नाले में नाचता एक अँजुरी जल
सभी, बन रहा है कहीं जो विश्वास
जो संकल्प हममें
बस उसी के सहारे हैं

(क) कवि पूर्व निर्मित मार्ग का अनुसरण क्यों नहीं करना चाहता है ? 1

(A) वह किसी और का अनुचर बनकर रहना चाहता है ।

(B) किसी और के द्वारा निर्मित मार्ग उसे अच्छा नहीं लगता है ।

(C) कवि आत्मविश्वासी है और अपना मार्ग स्वयं बनाना चाहता है ।

(D) किसी अन्य द्वारा निर्मित मार्ग पर चलना उसे अनुचित लगता है ।

(ख) किस तरह के लोग दूसरों के सहारे जीवन जीते हैं ? 1

(A) जो आज्ञाकारी प्रवृत्ति के होते हैं। (B) जो अक्षम और निराश होते हैं।

(C) जो जल्दी सफल होना चाहते हैं। (D) जिनके सपने बहुत बड़े होते हैं।

(ग) बादलों की तुलना किससे की गई है ? 1

(A) अपनी ही धुन पर थिरकती गायक मंडली से

(B) दूसरों की धुन पर थिरकती गायक मंडली से

(C) अपनी ही धुन में मग्न नर्तक मंडली से

(D) तीव्र गति से नृत्य करती नर्तक मंडली से

(घ) "हमें तो जो हमारी यात्रा से बने 2

ऐसे अनिर्मित पंथ प्यारे हैं।" – का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) प्रकृति के विविध घटक कवि को क्या प्रेरणा देते हैं ? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए। 2

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

शिक्षकों को अपने यहाँ बहुत से विशेषणों से संबोधित किया जाता रहा है। शिक्षक को राष्ट्र-निर्माता कहा जाता है। युवा पीढ़ी का सुधारक, मशाल-वाहक और पथ-प्रदर्शक भी कहा जाता है। शिक्षक शिक्षा के साथ-साथ अपने शिष्यों को जीवन-कौशल और नैतिक मूल्यों का भी ज्ञान प्रदान करते हैं। मानव जाति के लिए नई सोच और दृष्टिकोण की अपेक्षा भी शिक्षकों से ही की जाती है। शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका समाज को सशक्त और समृद्ध बनाने में भी है।

हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा और प्राचीन ग्रंथों में जगह-जगह एक आदर्श गुरु के गुणों को वर्णित किया गया है। स्कंद पुराण के गुरु-स्तोत्रम् में तो गुरुओं की तुलना ब्रह्मा, विष्णु और महेश

से की गई है तथा गुरु को साक्षात् परब्रह्म माना गया है । एक अच्छे गुरु में गहन ज्ञान, विद्वत्ता, करुणा, नैतिकता व चरित्र, नवीनता, नवाचार, अनुशासनप्रियता और समानता का भाव अपेक्षित है । यही गुण एक गुरु को महान बनाते हैं और शिष्यों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालते हैं । अपनी सदी के महान कवि और संत कबीरदास जी ने भी कहा है – 'गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि-गढ़ि काढ़ै खोट' – अर्थात् गुरु कुम्हार है और शिष्य घड़ा है जो गढ़-गढ़ कर शिष्य की कमियों को दूर करता है । शिक्षक अपने सफल मार्गदर्शन द्वारा शिष्यों को उनकी शक्तियों से परिचित कराते हुए उनके विकास के मार्ग को प्रशस्त करते हैं । शिक्षक समाज के भविष्य निर्माताओं को तैयार करने में एक अहम भूमिका निभाते हैं ।

(क) शिक्षक शिक्षा के साथ-साथ शिष्यों को प्रदान करता है – **1**

(A) नैतिक मूल्यों का ज्ञान

(B) धन-अर्जित करने का ज्ञान

(C) पेशेवर विकास का ज्ञान

(D) भविष्य सुनिश्चित करने का ज्ञान

(ख) गुरु को ब्रह्मा क्यों कहा गया है ? **1**

(A) छात्रों के हित गुरु के भीतर छिपी कल्याण-भावना के कारण

(B) समाज के भविष्य निर्माताओं को तैयार करने की भूमिका के कारण

(C) छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के कारण

(D) रोज़गार हेतु विद्यार्थियों में कौशल विकास करने के कारण

(ग) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए : 1

**कथन** : मानव जाति के लिए नई सोच और दृष्टिकोण विकसित करना शिक्षक का दायित्व है ।

**कारण** : हमारी ज्ञान परंपरा और ग्रंथों में गुरु को महान बताया गया है ।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कारण सही है लेकिन कथन गलत है ।

(C) कथन सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

(घ) शिक्षक को पथ-प्रदर्शक क्यों कहा जाता है ? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए । 2

(ङ) कबीरदास जी ने गुरु की तुलना कुम्हार से क्यों की है ? किन्हीं दो कारणों को स्पष्ट कीजिए । 2

## खंड – ख

### (व्यावहारिक व्याकरण) (16)

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(क) काशी संस्कृति की पाठशाला है और शास्त्रों का आनंदकानन है । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) शकुंतला द्वारा रचे गए श्लोक की भाषा संस्कृत थी । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ग) यदि कार्ल मार्क्स ने ऐसा जीवन न जिया होता तो हम उन्हें याद नहीं करते । (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद का नाम लिखिए)

(घ) यह वही महिला हैं जो पुस्तकालय में मिली थीं । (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

(ङ) पूजा-पाठ करके पिताजी राम-राम लिखते थे । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(क) कर्त्ता की प्रधानता वाले वाक्य में कौन सा वाच्य होता है ?

(ख) उन्होंने सामाजिक छवि को उजागर किया । (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) उनसे बैठा नहीं जाता । (वाच्य पहचानकर भेद का नाम लिखिए)

(घ) निराला द्‌वारा अनेक गीतों की रचना की गई । (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ङ) स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं द्‌वारा सक्रियता से भाग लिया गया । (वाच्य पहचानकर भेद का नाम लिखिए)

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय दीजिए : **4 × 1 = 4**

(क) एक आदमी लंगड़ाता हुआ चला आ रहा था ।

(ख) द्विवेदी जी के निबंध उनकी दूरगामी और खुली सोच के परिचायक हैं ।

(ग) हिरण अपनी ही महक से परेशान पूरे जंगल में घूमता है ।

(घ) नीति, न्याय, सदाचार और धर्म की आप प्रत्यक्ष मूर्ति हैं ।

(ङ) उन्होंने देश-विदेश की काफी यात्राएँ कीं ।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य-पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(क) देख्यौ चाहति कमलनैन को, निसिदिन रहति उदासी ।

(ख) उदाहरण देकर अतिशयोक्ति अलंकार स्पष्ट कीजिए ।

(ग) कुसुमावलि-सी पुलकित महान
सागर के उर पर नाच-नाच, करती हैं लहरें मधुर गान ।

(घ) सोने का कलस लिए उषा चली आ रही
माथे पर दमक रही आभा सिंदूर की

(ङ) अति कटु वचन कहित कैकेई ।
मानहु लोन जरे पर देई ।

## खंड – ग

### (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित) (30)

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा । मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए । एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी-सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था । तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं । फेरी लगाता है ! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए । पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं ? क्या यही इसका वास्तविक नाम है ? लेकिन पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं । ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था । काम भी था । हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए ।

(क) हालदार साहब किस बात पर आश्चर्यचकित रह गए ?

(A) पानवाले द्वारा कैप्टन का मज़ाक उड़ाने पर

(B) कैप्टन की शारीरिक अवस्था को देखकर

(C) कैप्टन को चश्मा बेचते हुए देखकर

(D) ड्राइवर को बेचैन होते देखकर

(ख) दिव्यांग होते हुए भी कैप्टन द्वारा फेरी लगाकर अपना गुजर-बसर करना दर्शाता है कि वह _______ था । (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

(A) आत्मविश्वासी | (B) स्वाभिमानी

(C) सक्षम | (D) स्वावलंबी

(ग) पानवाला किसका मज़ाक उड़ा रहा था ?

(A) हालदार साहब का | (B) नेताजी का

(C) चश्मेवाले का | (D) दुकानवाले का

(घ) हालदार साहब जीप में बैठकर क्यों चले गए ? – इस प्रश्न के उत्तर के लिए निम्नलिखित कथन पढ़िए और उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) पानवाला कैप्टन के विषय में और अधिक बात करने को तैयार नहीं था ।

(ii) कैप्टन की शारीरिक अवस्था देखकर निराश हो गए थे ।

(iii) उन्हें आवश्यक कार्यालयी काम निपटाना था ।

(iv) ड्राइवर बेचैन हो रहा था ।

**विकल्प :**

(A) (i) और (iii) दोनों | (B) (ii) और (iv) दोनों

(C) (i) और (iv) दोनों | (D) केवल (i)

(ङ) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

**कथन :** हालदार साहब के मन में कैप्टन के प्रति सम्मान का भाव था ।

**कारण :** सुभाष बाबू के प्रति कैप्टन के विशेष लगाव को देखकर वह उससे प्रभावित थे ।

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कारण गलत है किंतु कथन सही है ।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण उसकी सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन सही है किंतु कारण उसकी सही व्याख्या नहीं है ।

8. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए : **5 × 1 = 5**

हमारैं हरि हारिल की लकरी ।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी ।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री ।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी ।।

(क) गोपियों के अनुसार उद्धव द्वारा किन लोगों को योग की शिक्षा दी जानी चाहिए ?

(A) जिनके मन में कृष्ण के प्रति भक्ति हो

(B) जो योग के बारे में जानना चाहते हों

(C) जो भक्ति मार्ग को हृदय से अपनाना चाहते हों

(D) जिनका मन कृष्ण के प्रति स्थिर न हो

(ख) 'हारिल' और 'हारिल की लकड़ी' किनके प्रतीक हैं ?

(A) कृष्ण – कृष्ण (B) कृष्ण – गोपियाँ

(C) गोपियाँ – कृष्ण (D) कृष्ण – उद्धव

(ग) पद्यांश में व्याधि किसे बताया गया है ?

(A) कृष्ण के मित्र उद्धव को (B) उद्धव के बताए योग को

(C) कटुक स्वाद वाली ककड़ी को (D) कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम को

(घ) दिए गए कथनों में से काव्यांश के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) गोपियाँ दिन–रात कृष्ण के नाम का जप करती रहती हैं ।

(B) गोपियाँ उद्धव को भी योग त्यागने की सलाह देती हैं ।

(C) गोपियाँ उद्धव को भी भक्ति मार्ग अपनाने को कहती हैं ।

(D) गोपियाँ कृष्ण से प्रेम करके बहुत पछता रही हैं ।

(ङ) कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** गोपियाँ कृष्ण के प्रति अपने अगाध प्रेम के कारण भ्रमित थीं ।

**कारण :** प्रेम और विश्वास की गहराई से व्यक्ति में सूझ–बूझ की कमी हो जाती है ।

(A) कथन गलत है किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

9. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(क) 'यह दंतुरित मुस्कान' कविता में शिशु से मिलकर कवि को कैसी अनुभूति होती है ?

(ख) 'संगतकार' कविता के माध्यम से कवि ने किस सत्य को उजागर किया है ?

(ग) "आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन" 'उत्साह' कविता से उद्धृत इस पंक्ति में बादलों को 'अनंत के घन' क्यों कहा गया है ?

(घ) "तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे – यह गागर रीती ।"
कहकर कवि ने अपने जीवन के किस पहलू पर प्रकाश डाला है ?

10. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(क) 'बालगोबिन भगत एक सच्चे गृहस्थ भी थे ।' स्पष्ट कीजिए ।

(ख) "ई काशी छोड़कर कहाँ जाएँ" बिस्मिल्ला खाँ के मन में काशी के प्रति विशेष अनुराग के क्या कारण थे ?

(ग) 'संस्कृति' पाठ के आधार पर संस्कृति और असंस्कृति में अंतर बताइए ।

(घ) 'एक कहानी यह भी' की लेखिका के जीवन पर उनकी प्राध्यापिका शीला अग्रवाल का क्या प्रभाव पड़ा ?

11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(क) भोलानाथ और उसके साथियों के नाटकों के खेल में बाबूजी अकसर शामिल हो जाते थे परंतु उनके शामिल होते ही बच्चे उस नाटकीय खेल को समाप्त कर भाग खड़े होते थे । आपके विचार में बाबूजी का ऐसा करना कहाँ तक उचित था ? तर्कसंगत उत्तर दीजिए ।

(ख) 'साना साना हाथ जोड़ि .......' पाठ में देश की सीमाओं पर तैनात उन फौजियों का उल्लेख है जो अत्यंत विषम प्राकृतिक परिस्थितियों में भी अपने कर्त्तव्य का निर्वाह करते हैं । एक जागरूक नागरिक के रूप में आप अपने गाँव/शहर के लिए क्या कर सकते हैं ? पाठ के आधार पर बताइए ।

(ग) 'अज्ञेय' हिरोशिमा पर कविता लिखने के लिए क्यों विवश हुए ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खंड – घ

## (रचनात्मक लेखन) (20)

12. (क) आप अदिति / आदित्य हैं । आपकी दादीजी को खेलों में अत्यधिक रुचि है । ओलंपिक खेल-2024 में भारत के प्रदर्शन के बारे में जानकारी देते हुए लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

(ख) आप अदिति / आदित्य हैं । आपके मोहल्ले में आवारा पशुओं की समस्या बहुत बढ़ गई है । इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए स्थानीय नगरपालिका अध्यक्ष को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

13. (क) आप भव्या / भव्य हैं। आपने पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक डिग्री (बी.लिब.) प्राप्त की है। आपके क्षेत्र के सार्वजनिक पुस्तकालय में पुस्तकालय अध्यक्ष का पद रिक्त है। उक्त पद के लिए आवेदन हेतु लगभग **80** शब्दों में अपना एक स्ववृत तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

(ख) आप भव्या / भव्य हैं। विद्यालय में नामांकन के समय आपकी जन्मतिथि गलत दर्ज़ हो गई है। दसवीं के पंजीकरण से पहले आप इसे सुधरवाना चाहते हैं। जन्मतिथि में सुधार हेतु निवेदन करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग **80** शब्दों में एक ई–मेल लिखिए। **5**

14. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **6**

(क) पर्यावरण की आत्मा : वृक्ष

संकेत बिंदु –

- पर्यावरण क्या है
- पर्यावरण में वृक्षों का महत्त्व
- वृक्षारोपण अभियान

(ख) डिजिटल इंडिया

संकेत बिंदु –

- डिजिटल इंडिया क्या है
- डिजिटल होने के लाभ
- सरकार द्वारा उठाए गए कदम

(ग) डेंगू बुखार की मार

संकेत बिंदु –

- डेंगू क्या है
- डेंगू के कारण
- लक्षण एवं बचाव के उपाय

15. (क) सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु ट्रैफिक पुलिस की ओर से जनहित में जारी एक आकर्षक विज्ञापन लगभग **100** शब्दों में तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

(ख) प्रादेशिक स्तर पर आयोजित होने वाली 100 मीटर की बाधा दौड़ में आपके मित्र को प्रथम स्थान मिला है। उसे बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में संदेश लिखिए। **4**